RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 01 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 42 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®


खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# ट्रैफिक-फ्री मुंबई का सपना होगा पूरा...

## कोस्टल रोड के दूसरी टनल के ब्रेक-थ्रू पर बोले मुख्यमंत्री शिंदे

**मुंबई:** कोस्टल रोड प्रॉजेक्ट मुंबई के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसके बनने से ट्रैफिक मुक्त मुंबई का सपना पूरा होगा। यह बातें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कोस्टल रोड के दूसरे टनल के ब्रेक-थ्रू (खुदाई का काम पूरा) के अवसर पर कही। शिंदे ने कहा कि मुंबई को ट्रैफिक मुक्त बनाने के लिए कई प्रॉजेक्ट पर काम चल रहा है, जिसके लिए केंद्र सरकार से पूरा सहयोग मिल रहा है। एमटीएचएल प्रॉजेक्ट के जरिए हम मुंबई से सीधे रायगड पहुंच जाएंगे। कोस्टल रोड के जरिए दक्षिण मुंबई से वर्ली होते हुए बांद्रा-वर्ली सी-लिंक से वसोर्वा और कांदिवली से सीधे मीरा-भाईंदर से हम जुड़ जाएंगे। करीब 33 किलोमीटर का यह प्रॉजेक्ट मुंबई और एमएमआर को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा. मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नवंबर , 2023 तक अधिकांश कार्य पूरे हो जाएंगे। टनल के ब्रेक-थ्रू के अवसर पर सीएम के साथ उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, बीएमसी कमिश्नर आई. एस. चहल व अन्य अधिकारी मौजूद थे। बीएमसी गिरगांव चौपाटी से प्रियदर्शिनी पार्क होते हुए वर्ली सी-लिंक तक 10.58 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण बीएमसी कर रही है। इस पर 12700 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो रहा है। बीएमसी के अनुसार इसके बनने से 34 प्रतिशत ईंधन और 70 प्रतिशत समय की बचत होगी. कोस्टल रोड के लिए महत्वपूर्ण दोनों टनल का काम 27 महीने में पूरा हुआ। हालांकि, बीएमसी ने शुरूआत में यह काम 20 महीने में पूरा करने का



दावा किया था। 11 जनवरी, 2021 को तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के हाथों टनल के काम की शुरूआत हुई थी। पहली टनल का काम एक साल बाद 13 महीने में 10 जनवरी, 2022 को पूरा हुआ था। दूसरी टनल की खुदाई का काम गिरगांव चौपाटी से 26 अप्रैल, 2022 से शुरू हुआ है, जिसका 30 मई, 2023 को प्रियदर्शिनी पार्क में ब्रेक-थ्रू हुआ। इस टनल का काम पूरा होने में 14 महीने का समय लग गया, जबकि बीएमसी ने इसे 9 महीने में पूरा करने की बात कही थी। यह टनल मलबार हिल पहाड़ी, हैंगिंग गार्डन और गिरगांव में समुद्र के नीचे से बनाई गई है। जुड़वां सुरंगें जमीन के नीचे 10 मीटर से 70 मीटर की गहराई में बनाई गई हैं। भूमिगत सुरंग में कुल 6 लेन के सड़क बनाई जा रही है। सुरंग में किसी भी दुर्घटना के मामले में एक आपातकालीन संदेश बीएमसी के आपातकालीन नियंत्रण कक्ष, मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस और यातायात पुलिस को चला जाएगा। इससे तत्काल सहायता प्रदान करना संभव होगा। कोस्टल रोड का 75 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो गया है. कोस्टल रोड के तहत गिरगांव चौपाटी से प्रियदर्शिनी पार्क तक बनी दूसरी टनल का काम मंगलवार को पूरा हो गया। यह देश की सबसे लंबी समुद्री टनल है। 2.07 किमी लंबी दूसरी टनल 1 किमी समुद्र के नीचे बनी है। यह मलबार हिल की तरफ बने वीविंग-डेक से मफतलाल क्लब तन समुद्र के नीचे बनी है। वहीं, एक किमी से लंबी टनल का काम मलबार हिल की पहाड़ी के नीचे चट्टानों को काट कर बनाई गई है। समुद्र के नीचे टनल बनाने में जहां आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। पहाड़ी के नीचे टनल बनाना चुनौतीपूर्ण था, जिसे टीबीएम मशीन की मदद से पूरा किया गया। बीएमसी को उम्मीद है कि नवंबर, 2023 तक वर्ली तक कोस्टल रोड का काम पूरा हो जाएगा और इसे वर्ली तक आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा।

## CBI ने डाक विभाग के कर्मचारी के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

### बैंक खातों से लाखों रुपये के गबन का आरोप




**मुंबई:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रत्नागिरी में डाक विभाग के एक कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उस पर सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के 260 निष्क्रिय बचत खातों से 63 लाख रुपये के गबन का आरोप है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गजानन परसराम गुट्टे ने 2018-20 तक अंजरला उप डाकघर में अपनी तैनाती के दौरान फर्जी निकासी वाउचर तैयार किए थे, जिसमें उन लाभार्थियों के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान का फजीर्वाड़ा किया गया था, जो या तो मृत हो चुके थे या नियमित रूप से डाकघर आने के लिए बहुत बूढ़े थे। गुट्टे ने संजय गांधी योजना, श्रवण बाल योजना और इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन योजना जैसी सामाजिक कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों के बचत बैंक खातों को निशाना बनाया। सीबीआई के अधिकारियों के मुताबिक वह खराब इंटरनेट कनेक्टिविटी के कारण केंद्रीय बैंकिंग सॉफ्टवेयर 'फिनेकल' को चलाने में असमर्थता का हवाला देते हुए आसानी से धन का गबन कर सकता था। नेटवर्क की समस्या के कारण जो काम लंबित था, उसे पूरा करने के लिए वह घंटों काम करने के बाद दूसरे कार्यालय में जाता था। सीबीआई की प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि फिनैकल में बचत बैंक (खातों) से संबंधित काम पूरा करने के लिए उसने डाक सहायक और उप-पोस्टमास्टर की यूजर आईडी का इस्तेमाल किया और सारा काम खुद किया।

## बढ़ेंगी NCP MLA आव्हाड की मुसीबतें...

### करमुसे पिटाई मामले में 493 पन्नों की तीसरी चार्जशीट पेश

**मुंबई:** इंजीनियर अनंत करमुसे पिटाई मामले में आरोपी एनसीपी के मौजूदा विधायक जितेंद्र आव्हाड की जमानत को रद्द करने की कवायद जल्द ही शुरू हो सकती है। एसीपी गजानन काबदुले ने 493 पन्नों की तीसरी (सप्लीमेंट्री) चार्जशीट ठाणे कोर्ट में फाइल की है। इस मामले में आरोपी एनसीपी कार्यकर्ता दिलीप यादव पुलिस गवाह बन गया है। 5 अप्रैल 2020 की रात आव्हाड के बंगले पर हुई पूरी वारदात को लेकर उसका बयान सीआरपीसी की धारा 306 के तहत मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज किया गया है। चार्जशीट में दो नई धाराएं 364 (अ) अपहरण और 120 (ब) आपराधिक साजिश भी जोड़ी गई हैं, साथ ही दो



अन्य पुलिसकर्मियों के बयान भी दर्ज हैं, जिससे आव्हाड की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. दरअसल उद्धव ठाकरे समर्थक शिवसेना कार्यकर्ता रोशनी शिंदे की पिटाई मामले में महाविकास आघाडी द्वारा पुलिस प्रशासन के खिलाफ निकाले गए मोर्चे में भाषण के दौरान आव्हाड ने करमुसे घटना का जिक्र किया था। उनके हाथों में विभिन्न फोटोग्राफ भी थे। ठाणे पुलिस ने एक मराठी न्यूज चैनल के कार्यालय से आव्हाड के उक्त भाषण की सीडी अपने कब्जे में ले ली है। इसमें से 16 मिनट के भाषण की ट्रांसस्क्रिप्ट पुलिस ने अहम सबूत के तौर पर चार्जशीट में जोड़ी है. एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, भाषण में आव्हाड ने स्वीकार किया है कि उनके लोगों ने करमुसे की पिटाई की थी। यह आव्हाड के खिलाफ एक और अहम सबूत है।



# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)


## खनन पर लगाम

पर्यावरण संरक्षण और कानून व्यवस्था के लिये चुनौती बने अवैध खनन को लेकर देश की शीर्ष अदालत और एनजीटी अक्सर सख्त टिप्पणियां करते रहे हैं। इस दिशा में प्रयास भी होते रहे हैं लेकिन समेकित पहल के अभाव में प्रयास सिरे नहीं चढ़ पाते। अब इस दिशा में हरियाणा के वन विभाग द्वारा एक व्यावहारिक पहल की गई है। अवैध खनन करके निकाले गये पत्थरों, रेत–बजरी आदि को ले जाने वाले वाहनों के रास्ते और वन मार्ग सील करने की पहल की गई है। निस्संदेह, यदि इस कोशिश को तार्किक परिणति दी गई तो अवैध खनन की कोशिशों पर किसी हद तक रोक लगायी जा सकती है। निश्चित रूप से नूंह में वन विभाग द्वारा सभी रास्तों व वन मार्गों को सील करने के लिये शुरू किया गया अभियान सही दिशा में उठाया गया कदम है। कह सकते हैं कि लंबी चलने वाली इस प्रक्रिया की व्यावहारिक शुरूआत हुई है। लेकिन एक बात तय है कि अरावली पर्वत श्रृंखला में अवैध खनन रोकने के प्रयासों में सफलता तभी मिलेगी, जब सभी स्तरों पर एकीकृत प्रयास किये जायेंगे। जो कि कार्रवाई के पैमाने और नीतियों में निरंतरता से संभव होंगे। लेकिन इस दिशा में सफलता के लिये राजनीतिक इच्छाशक्ति की भी सख्त जरूरत होगी। यदि सरकारी तंत्र को अवैध खनन बंद करने के सख्त आदेश दिये जाएंगे तो नीतियों का क्रियान्वयन आसान हो सकेगा। वहीं यदि इस अभियान में कुछ लोगों को छूट दी गई तो मुहिम के सार्थक परिणाम पाना मुश्किल हो सकता है। कुछ लोगों को छूट और कुछ पर सख्ती से अवैध खनन पर रोक के लक्ष्य हासिल नहीं किये जा सकते हैं। कहा जा सकता है कि सभी विभागों की ओर से साझे प्रयास और खनन से जुड़ी बड़ी मछलियों पर नकेल डालने से ही अवैध खनन की समस्या का कारगर समाधान निकलने की संभावना बढ़ जायेगी।

यह भी तय है कि राज्य में अवैध खनन बिना राजनीतिक संरक्षण के संभव नहीं है। दरअसल, चुनाव में आर्थिक मदद करने वाले खनन माफिया कालांतर निरंकुश खनन के लिये संरक्षण की सुविधा जुटाने का प्रयास करते हैं। कुछ पर शिकंजा और कुछ को छूट की नीति से प्राकृतिक संपदा की लूट का खेल बदस्तूर जारी रहता है। जो किसी भी सार्थक मुहिम को निष्प्रभावी बना देता है। विगत में देखा गया है कि अवैध खनन हेतु डम्पर– कैंटर व मशीनों को लाने तथा उत्खनित पत्थरों को ले जाने वाले वाहनों के लिये रास्ते रातों–रात चौड़े कर दिये जाते हैं। अधिकारियों द्वारा पहचाने गये ऐसे करीब सौ रास्तों में से अधिकांश राजस्थान में भरतपुर की सीमा के निकट स्थित हैं। इनमें से बीस को अधिकारियों ने सील कर दिया है। अधिकारी कह रहे हैं कि अवैध खनन की कोशिश करने वालों से सख्ती से निबटा जा रहा है। साथ ही अवैध खनन करके पत्थर व रेत–बजरी ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही को रोकने के लिये और मार्गों की तलाश की जा रही है। इन इलाकों में चौकसी बढ़ा दी गई है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# ठाणे का व्यक्ति 'सेक्सटॉर्शन' का शिकार हुआ, गंवा बैठा 6 .5 लाख रुपये



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में कॉरपोरेट सलाहकार के पद पर कार्यरत 39 वर्षीय एक व्यक्ति वीडियो कॉल पर एक महिला के लुभावने झांसे में आकर कथित रूप से अपने 6.50 लाख रुपये गंवा बैठा। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कासरवडावली थाने के एक अधिकारी ने कहा कि पीड़ित की शिकायत के अनुसार 17 मार्च, 2023 को उसे एक नंबर से व्हाट्सऐप वीडियो कॉल आया था और फोन पर एक महिला ने उससे बात की थी। फोन के बीच में ही उसने अचानक अपने कपड़े उतार दिए जिसके बाद व्यक्ति ने तुरंत फोन काट दिया। कुछ समय बाद व्यक्ति को महिला से एक वीडियो और कुछ स्कीनशॉट मिले, जिसमें व्यक्ति महिला से बातचीत करते नजर आ रहा था। उसने तुरंत इस वीडियो और स्क्रीनशॉट को डिलीट कर दिया। शिकायतकर्ता के हवाले से अधिकारी ने कहा कि अगले दिन व्यक्ति को किसी अज्ञात नंबर से फोन आया जिसमें फोन करने वाले ने खुद को दिल्ली पुलिस आयुक्त बताया और व्यक्ति को सूचित किया कि महिला देह व्यापार करती है और पुलिस द्वारा महिला को गिरफ्तार करने की कोशिश में उन्हें व्यक्ति का वीडियो मिला जो सोशल मीडिया पर अपलोड किया जाना था। अधिकारी के मुताबिक, फोन करने वाले ने फिर पीड़ित से कहा कि अगर वह सोशल मीडिया पर वीडियो को अपलोड होने से रोकना चाहता है तो वह एक व्यक्ति से संपर्क करे। अधिकारी ने कहा कि जब पीड़ित ने उक्त व्यक्ति को फोन किया तो उसने कथित रूप से उससे 50,000 रुपये की मांग की और उसने बदनामी के डर से भुगतान कर दिया। उन्होंने कहा कि इसके बाद उसे 18 से 25 मार्च के बीच अलग-अलग व्यक्तियों का फोन आया जिन्होंने उससे कुल 6.50 लाख रुपये वसूल लिए। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद व्यक्ति ने मंगलवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर 10 लोगों और पांच अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (विश्वासघात), 34 (साझा मंशा से कई लोगों द्वारा किया गया कृत्य) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है।

# ज्वेलरी स्टोर से 74 लाख की लूट, गार्ड को बेहोश कर दिया घटना को अंजाम



**मुंबई :** मुंबई में एक 28 वर्षीय व्यक्ति एक आभूषण की दुकान से 74 लाख के गहने और सामान लेकर फरार हो गया। मुंबई पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गोरेगांव पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को आरोपी को राजस्थान के राजसमंद से पकड़ा और उसके पास से चोरी के गहने बरामद किए। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने 15 मई को कीमती सामान लूटने से पहले ज्वैलरी शॉप पर सुरक्षा गार्ड को कथित तौर पर बेहोश कर दिया था। अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान, पुलिस ने पाया कि आरोपी ने राजस्थान पहुंचने के लिए कई वाहनों का इस्तेमाल किया था और चोरी का कीमती सामान एक महिला मित्र के घर पर रखा था। उन्होंने कहा कि आरोपी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है, जिसमें 392 (डकैती के लिए सजा), 380 (आवास गृह में चोरी) शामिल है।

# मुंबई में हुई हत्या के मामले में पुलिस को मिली कामयाबी, यूपी के नैनी में ट्रेन से उतरते ही आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** 28 मई को मुंबई के कांदिवली इलाके में उस वक्त दहशत फैल गई जब एक शख्स ने दिनदहाड़े गोलीबारी कर दी. इस गोलाबारी में एक शख्स की जान चली गई. मुंबई पुलिस ने इस मामले में आरोपी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया है. मुंबई के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर सत्यनारायण ने बताया कि कांदिवली के रहने वाले 32 साल के मनोज सिंह चौहान जब सुबह काम से निकले थे, उसी वक्त रोहित पाल नाम के एक लड़के ने उन पर फायरिंग कर दी. फायरिंग में मनोज सिंह की मौत हो गई.


### ट्रेन से उतरते ही आरोपी स्टेशन से गिरफ्तार

पुलिस ने जब इस मामले की तहकीकात की और सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो इस आरोपी शख्स की पहचान हुई. पुलिस ने आरोपी का नाम 23 साल के रोहित पाल के रूप में बताई. पुलिस ने रोहित की तुरंत लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश की तो पता चला कि यह शख्स ट्रेन से मुंबई से प्रयागराज जा चुका है. पुलिस ने प्रयागराज पुलिस से संपर्क किया और उसकी मदद से ट्रेन से उतरते ही इसे नैनी स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया.

### मृतक की पत्नी से थी आरोपी की जान पहचान

पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी रोहित पाल की मृतक मनोज सिंह चौहान की पत्नी के साथ जान पहचान थी. मगर यह हत्या किस वजह से की गई है अभी इस बात का खुलासा नहीं हुआ है. फिलहाल आरोपी को पुलिस कस्टडी में रखा गया है. जिस हथियार से रोहित ने फायरिंग की है वो उसे कैसे मिला उसकी भी जांच की जा रही है.

# ऐसे धरती फाड़ कर निकली TBM, मुंबई कोस्टल रोड पर सुरंग का काम हुआ पूरा



**मुंबई:** मुंबई की पश्चिमी समुद्र किनारे बन रहे मुंबई कोस्टल रोड का सभी को इंतजार है. उम्मीद है कि ये रोड दिसंबर 2023 तक पूरा हो जाएगा. इस रोड के पूरा होने में सबसे बड़ी बाधा थी सुरंग, जिसका काम मंगलवार का पूरा हो गया. मंगलवार को टीबीएम मशीन के माध्यम से इस सुरंग को भी खोद लिया गया है. खास बात ये है कि इस सुरंग को खोदने का काम जिस समय पूरा किया गया उस समय राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे. इसे एक एतिहासिक क्षण बताया गया है. ऐसा इसलिए भी क्योंकि जिस टीबीएम मशीन से इस सुरंग को खोदा गया है वो देश की सबसे बड़ी मशीन है. इस कोस्टल रोड की खासियत ये है कि ये जमीन के अंदर भी है, समुद्र के किनारे के साथ भी है और समुद्र के ऊपर बने पुल से भी होकर जाता है. इस सड़क का तकरीबन 10 किलोमीटर का हिस्सा मरीन ड्राइव से लेकर वर्ली तक वो सुरंग का हिस्सा है. इस सुरंग के बनने के बाद अब मरीन ड्राइव से वर्ली की दूरी जो पहले आधे घंटे की थी वो अब महज सात से आठ मिनट का रह गया है. खास बात ये है कि इसके लिए कोई टोल टैक्स भी नहीं देना होगा. देश के सबसे बड़े टीबीएम (सुरंग खोदने की मशीन) की मदद से खोदा गया सुरंग. ये देश के लिए एतिहासिक क्षण है. इस टीबीएम से पहले प्रियदर्शनी से मरीन ड्राइव तक सुरंग खोदी गई और मरीन ड्राइव से प्रियरदर्शनी तक के सुरंग का काम भी पूरा कर लिया गया है. इस रोड का काम इस साल के आखिर तक पूरा होने के बाद मरीन ड्राइव से वर्ली तक पहुंचने में महज आठ मिनट लगेंगे.




# अगली बार फिल्म सिटी घूमने जाएं तो कचरा साथ वापस लाएं, नहीं तो लगेगा इतने हजार का जुमार्ना...

**मुंबई :** मुंबई के फिल्म सिटी स्टूडियो को दादा साहेब फाल्के चित्रनगरी के नाम से भी जाना जाता है। इस स्टूडियो में न सिर्फ दर्जनों धारावाहिकों और फिल्मों की शूटिंग रोज होती है, बल्कि दूर दराज से पर्यटक भी फिल्म सिटी देखने आते हैं। दादासाहेब फाल्के चित्रनगरी का प्रबंधन महाराष्ट्र फिल्म रंगमंच एवं सांस्कृतिक विकास निगम करता है। फिल्म सिटी में शूटिंग करने वाले प्रोडक्शन हाउस के लिए अब स्वच्छता का पालन करना अनिवार्य कर दिया गया है। अगर वह इन नियमों का पालन नहीं करते हैं तो उन पर नियमानुसार कड़ा जुमार्ना लगाया जाएगा, यही नहीं फिल्म सिटी घूमने आने वाले अगर अपनी पानी की बोतल, वेफर्स आदि का कचरा साथ वापस नहीं लाए तो उन पर भी जुमार्ना लगेगा।

महाराष्ट्र फिल्म रंगमंच एवं सांस्कृतिक विकास निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. अविनाश ढाकणे ने 'अमर उजाला' को बताया कि साफ-सफाई के नियमों के मुताबिक प्रोडक्शन हाउस को शूटिंग लोकेशन पर हरे और नीले रंग के कूड़ेदान में गीला और सूखा कचरा रखना होता है। यह भी सुझाव दिया गया है कि पीने के पानी और अन्य प्लास्टिक और गैर-पुनः प्रयोज्य लकड़ी, बांस, तार, लोहे की सामग्री आदि की इस्तेमाल की गई प्लास्टिक




की बोतलों को इकट्ठा और अलग किया जाए। शूटिंग पूरी होने के बाद इस्तेमाल की गई जगह को साफ करना संबंधित प्रोडक्शन हाउस की जिम्मेदारी है। फिल्म सिटी प्रबंधन की ओर से एक व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया गया है। शूटिंग के पैकअप के बाद प्रोडक्शन हाउस को साफ सफाई का फोटो दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर भेजना अनिवार्य है। जिससे फिल्म सिटी प्रबंधन को इस बात का पता चल सके कि पैकअप के बाद ठीक से साफ सफाई हुई है कि नहीं। कचरा पृथक्करण (हरा, पीला, नीला) के लिए आवश्यक बैग फिल्म सिटी प्रबंधन की ओर से निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।ढाकणे ने बताया कि बाहरी शूटिंग स्थलों पर पर्याप्त स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराया गया है फिर भी लोग अक्सर सड़क या खुली जगह पर शौच करते हैं,जिससे आस पास काफी गंदगी फैलती है। प्रोडक्शन से जुड़े सभी वर्कर्स, टेक्नीशियन और कलाकारों को सलाह दी गई है कि खुले में शौच न करके शौचालय का इस्तेमाल करें। यदि प्रोडक्शन हाउस द्वारा साफ-सफाई संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन न करने का मामला पाया जाएगा तो नियमानुसार पांच हजार का जुमार्ना लगाया जाएगा।

फिल्म सिटी प्रबंधन और बृहन्नमुंबई महानगर पालिका ने लोगों से अपील की है कि वह नियमों का पालन करे और फिल्म सिटी परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए फिल्म सिटी की सुंदर छवि को बढ़ाने में मदद करे। फिल्म सिटी घूमने आने वालों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है और पर्यटक इस परिसर में गंदगी फैलाते पाए गए तो उन पर भी नियमानुसार जुमार्ना लगाया जाएगा।

# नवी मुंबई में बस स्टॉप पर अवैध वाहन पार्किंग करने वालों के खिलाफ सख्त हुई ट्रैफिक पुलिस



**नवी मुंबई :** एपीएमसी क्षेत्र के फल बाजार, तुर्भे के आईसीएल स्कूल और अन्य भीड़-भाड़ वाले ठिकानों पर बने बस स्टॉप पर अवैध तौर से वाहनों की पार्किंग करने वालों के खिलाफ यातायात नियंत्रण पुलिस ने सख्त कदम उठाना शुरू किया है। जिसके तहत यातायात नियंत्रण पुलिस विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर 50 से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि नवी मुंबई शहर में बस स्टॉप के दोनों ओर 15 मीटर के दायरे में बसों के अलावा कोई भी वाहन खड़ा नहीं करने का नियम है। इस संबंध में नवी मुंबई महानगरपालिका और यातायात नियंत्रण पुलिस विभाग के माध्यम से कई बस स्टॉप के पास नो-पार्किंग के बोर्ड भी लगाए गए हैं। इसके बावजूद मनमानी करने वाले वाहन चालकों द्वारा बस स्टॉप के पास कार को पार्क किया जाता हैं। जिसकी वजह से यात्रियों को बसों में चढ़ने में बाधा उत्पन्न होती हैं।

**तो लग जाता है ट्रैफिक जाम**

इसके अलावा बस स्टॉप पर यात्रियों को लेने के लिए रिक्शा चालकों में हमेशा होड़ लगी रहती है, इस वजह से अगर उसमें कोई बस आ गई तो वहां पर जाम लग जाता है। जिसे गंभीरता से लेते हुए यातायात नियंत्रण पुलिस विभाग के उपायुक्त तिरुपति काकड़े ने ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जिसका पालन यातायात नियंत्रण पुलिस विभाग ने शुरू किया है।

**सत्रा प्लाजा में वाहन पार्किंग का नियोजन करने का निर्देश**

उक्त मामले में एपीएमसी ट्रैफिक पुलिस शाखा के माध्यम से विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत भारतीय स्टेट बैंक, विहांग होंडा, फल बाजार और अन्य बस स्टॉप के पास खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान वाशी के सेक्टर-19 स्थित सत्रा प्लाजा में पार्किंग के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। सत्रा प्लाजा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स है, जिसकी कमेटी के अध्यक्ष अरुण पाटिल को पुलिस ने उक्त स्थान पर वाहनों की पार्किंग के लिए विशेष नियोजन करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि उक्त कॉम्प्लेक्स में केवल 700 वाहनों के लिए पार्किंग है। जिसकी वजह से उक्त क्षेत्र में अक्सर ट्रैफिक जाम होता है क्योंकि वहां पर आगंतुक अपने वाहनों को बाहर सड़क पर पार्क करते हैं।

# बुनियादी ढांचे, अन्य सुविधाओं के कारण उद्योग महाराष्ट्र को प्राथमिकता देते हैं: मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

**ठाणे :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि बेहतर बुनियादी ढांचे, कुशल श्रमशक्ति और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता के कारण विदेशी समेत कई उद्योगों से महाराष्ट्र को प्राथमिकता मिलती रही है। नेरुल में नवी मुंबई नगर निगम द्वारा शुरू की गई कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद मंगलवार रात अपने संबोधन में शिंदे ने यह भी कहा कि मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे राज्य में किसानों की मदद में कारगर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक परियोजना से यात्रा समय कम होने से राज्य की राजधानी नवी मुंबई और रायगढ़ के और करीब हो जाएगी। मुंबई की सड़कों को गड्ढामुक्त करने के उनकी सरकार के फैसले का जिक्र करते हुए शिंदे ने कहा कि यह काफी पहले हो जाना चाहिए था, ''लेकिन अब हमने सड़कों को पक्का करने का फैसला किया है।



बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा, ''वे नयी दिल्ली की तर्ज पर मोहल्ला क्लिनिक की बात करते हैं लेकिन हम 'वंदनीय बाला साहेब ठाकरे आपला दवाखाना काफी पहले ला चुके हैं जो यहां महाराष्ट्र के जरूरतमंदों की सेवा के लिए है।उन्होंने कहा, ''कुशल श्रमशक्ति समेत बेहतर बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं के कारण महाराष्ट्र को विदेशी समेत कई उद्योगों से प्राथमिकता मिलती रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे का निर्माण हो रहा था तक कई विरोधी इसकी जरूरत को लेकर सवाल करते थे, लेकिन आज कोई भी इसकी उपयोगिता को महसूस कर सकता है और इससे लोगों को अत्यंत लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि किसी शहर के विकास का मतलब यह नहीं है वहां सिर्फ ऊंची-ऊंची इमारतों का निर्माण हो, बल्कि वहां नागरिकों के लिए पार्क और पुस्तकालय भी होने चाहिए।

# अपहरण कर्ता के चंगुल से आजाद हुआ नाबालिग

**वसई :** महज ८ घंटे में चार साल के बच्चे का अपहरण करने वाले आरोपी को वसई रोड लोहमार्ग पुलिस (जीआरपी) ने दबोचने में सफलता हासिल की है। अपहत लड़के को भी पुलिस ने छुड़ा लिया और उसकी मां को सौंप दिया।मिली जानकारी के अनुसार, विरार रेलवे स्टेशन पर रविवार की दोपहर एक महिला अपने ४ साल के बेटे के साथ रेलवे स्टेशन पर बैठी थी.उसने उस जगह पर आए एक अजनबी से वड़ा पाव माँगा। उसने वडापाव दिया थोड़ी देर बाद अजनबी बेटे को लेकर




भाग गया। जागने के बाद, उसने रेलवे पुलिस को सूचित किया , रेलवे पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और वडापाव देने वाला अज्ञात व्यक्ति उसी ४ वर्षीय लड़के को दादर लोकल ले जाता हुआ दिखा। पुलिस की सीएसटी स्थित टीम ने महज ८ घंटे में लड़के को ढूंढ निकाला गया और मुंबई से गिरफ्तार कर लिया गया।अपहत व्यक्ति की पहचान शमशाद मंसूर पठान (२१) के रूप में हुई है और वह बिहार का रहने वाल है।

## पोस्टर चिपकाते समय आरपीएफ ने रंगे हाथ पकड़ा



**वसई :** विरार रेलवे स्टेशन के रेलवे परिसर में अनधिकृत रूप से पोस्टर चिपकाने वाले को मंहगा पड़ा गया। आरपीएफ विरारने एक १९ वर्षीय शख्स को पोस्टर चिपकाने के मामले में उसे पकड़ व उसके खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार,२९ मई को ड्यूटी स्टाफ आरपीएफ महिला हेड कांस्टेबल नीता बरई, तथा हेड कांस्टेबल कैलाश जाधव के द्वारा एक व्यक्ति को विरार ईस्ट साइड बुकिंग एरिया के पास रेलवे परिसर में आर. के.डेवलपर्स के पोस्टर लगाते हुए रंगे हाथ पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम-नासिर हुसैन खुश मोहमद,उम्र १९ वर्ष,निवासी- भोईदापाडा वसई (पूर्व )में रहना बताया।

# सावित्रीबाई फुले पर अपमानजनक लेख को लेकर एनसीपी नाराज

## मुंबई पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर दिया धरना



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले पर अपमानजनक लेखों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इससे नाराज एनसीपी का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को मुंबई के पुलिस कमिश्नर से मिला, इससे पहले उन्होंने लेखों के लिए दो वेबसाइटों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए मुंबई पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर धरना दिया। एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजीत पवार, जयंत पाटिल, सुनील तटकरे और छगन भुजबल और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। मुंबई पुलिस आयुक्त को पवार, पाटिल और भुजबल द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र में दावा किया गया है कि इंडिक टेल्स और हिंदू पोस्ट वेबसाइटों ने फुले के खिलाफ आपत्तिजनक लेख पोस्ट किए हैं, जिन्हें महिला शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी माना जाता है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि यह कृत्य लोगों को भड़काने के उद्देश्य से किया गया है।

पत्र में कहा गया है कि छत्रपति शिवाजी महाराज और शाहू-फुले-अंबेडकर के महाराष्ट्र में सावित्रीबाई फुले का अपमान करना अपराध है और हम इसका कड़ा विरोध करते हैं। सोमवार को भुजबल ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर एक वेबसाइट और फुले पर कथित तौर पर आपत्तिजनक लेख लिखने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा इतिहास को पुनर्व्यवस्थित करने के नाम पर वेब पोर्टल इतिहास को नष्ट कर रहा है। इस असामाजिक प्रवृत्ति को कुचलने की जरूरत है।

# पड़ोसी की हत्या मामले में युवक गिरफ्तार



**मुंबई :** गोरेगांव पूर्व वनराई पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रामपियारे राजभर के अनुसार, यह घटना मंगलवार को दोपहर 1 बजे सरदार नगर में हुई, जब पीड़ित की पहचान राजू सुरंगे के रूप में हुई, जो पेशे से ड्राइवर है, अपनी मां के साथ एक शादी से लौट रहा था. पुलिस ने बताया कि संकरी गली से गुजरते समय गलती से वह अपनी मां के साथ जा रही युवती से टकरा गया. 'पीड़ित को इसका एहसास तब हुआ जब लड़की की माँ ने सुरंगे को गाली देना शुरू किया तो उसने माफी माँगनी शुरू कर दी. लेकिन वहां हाथापाई हो गई ,जैसेतैसे मामले को शांत कराया गया. पुलिस ने बताया कि इसके बाद पीड़िता और उसकी मां अपने घर चले गई लेकिन इससे पहले कि वे सो पाते, लड़की की मां वापस आ गई और उसके दरवाजे के बाहर खड़े होकर गाली देने लगी. सुरंगे ने महिला से कहा कि यह एक गलती थी लेकिन उसने उसे चुनौती दी कि वह घर के बाहर आए और सार्वजनिक रूप से उससे और उसकी बेटी से माफी मांगे. जब सुरंगे अपने घर से बाहर आया उसी समय आदित्य अविनाश नलवाडे नामक युवक जो उसी इलाके में रहने वाली महिला का चचेरा भाई है. वह सुरंगे के ऊपर चाकू से उसके पेट और छाती पर बार-बार वार किया. 'जैसे ही सुरंगे ने शोर मचाया, स्थानीय लोग सुरंगे के घर के बाहर जमा हो गए. भीड़ को देखकर नलवाडे इलाके से भाग गया' राजभर ने कहा।

# नशे के लिए चोरी: तड़ीपार आरोपी और उसका साथी गिरफ्तार , 10 मोबाइल जब्त!





**मुंबई :** कुरार पुलिस ने तड़ीपार आरोपी और उसके साथी को मोबाइल चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है जिसके पास से चोरी के 10 मोबाइल जब्त किया है. यह दोनो शातिर आरोपी पाल नगर इलाके में रात के अंधेरे में घर मे घुसकर मोबाइल चोरी कर फरार हो गए थे एक ही रात में करीब 5 घरों में 6 मोबाइल चोरी किया था. जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपये है. कुरार पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई सतीश गाढ़वे के अनुसार पकड़ा गया मास्टरमाइंड आरोपी अंबेडकर नगर इलाके के रहने वाले है वही उसका साथी स्काटर कॉलोनी गोरेगॉव का रहने वाला है.दोनो दुकान के शटर,घर की खिड़की,दरवाजे के लॉक तोड़कर अंदर घुसकर सोए हुए व्यक्ति के पास रखे मोबाइल चुरा लेते थे.पकड़े गए आरोपियों का नाम गणेश बाबासाहेब क्षीर सागर (24) तड़ीपार आरोपी है.मोहसिन शिराज मीर (23) यह दोनो कुरार की हद में नशे के लिए आने वाले है ऐसी जानकारी कुरार पुलिस को लगी थी तभी पुलिस ने जाल बिछाकर पकड़ लिये. जांच में पता चला कि जिस बाइक से यह लोग नशे के लिए आये थे वह बाइक मालाड पोलिसस्टेशन की हद से चुराई गई है.मालाड पुलिस जल्द इस मामले में दोनो आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने वाली है. इसके अलावा भी कुरार पुलिस ने चोरी के 5 और मोबाइल जब्त कर लिया है जो अन्य पुलिस स्टेशन की हद में मोबाइल चोरी को अंजाम दिया है. फिलहाल कुरार पुलिस के जांच अधिकारी अपीआई संतोष खरडे की टीम में कांस्टेबल किरण हवाले,अक्षय तांबे,विठ्ठल सकट,विक्रम वेदांते,विक्रांत बागल, हेमराज बाराईत मिलकर इनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है.आरोपी गणेश बाबासाहेब क्षीरसागर के मुंबई के अलग अलग पुलिस स्टेशनों में 7 से ज्यादा चोरी के मामले दर्ज है.

# मुंबई में दिल दहला देने वाली घटना

## धारावी में शख्स ने महिला को लगा दी आग, आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के धारावी इलाके में एक शख्स ने एक महिला को आग लगा दी। जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस गई।इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। मुंबई पुलिस ने बताया कि मुंबई के धारावी इलाके में एक 20 वर्षीय महिला को जलाने के आरोप में नंदकिशोर पटेल नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है। 70 फीसदी जली महिला को गंभीर हालत में सायन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिनियम के पीछे के कारण का पता लगाने के लिए पुलिस जांच जारी है। बता दें कि मुंबई समेत उपनगरीय शहरों में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। यहां अपराध बढ़ता जा रहा है। आये दिन किसी महिला की हत्या हो रही है। कहीं महिलाओं के साथ लूटपात का मामला सामने आता है। एक बार फिर मुंबई में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।

## ७ घंटे में पेल्हार पुलिस ने सुलझा डाली धोखाधड़ी की गुत्थी




**वसई :** अमेजॉन कंपनी का सामान चोरी कर ४०७ टेंपो का गबन कर ठगी करने वाले आरोपी को ०७ घंटे के अंदर पेल्हार पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई परिमंडल ३ डीसीपी सुहास बावचे व एसीपी रामचंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में पेल्हार थाने के सीनियर पी.आई वसंत लब्दे के नेतृत्व में क्राइम डिटेक्शन के पो.उप.नि.सनिल पाटील की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को दी है।पुलिस ने बताया कि २८ मई को ग्लोबल आर्केड सी.एफ.सी.७/ए, परमार इंडस्ट्रियल एस्टेट, वसई ईस्ट अमेजॉन ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी गोदाम से कुल ०२४१,१९७ रुपये का माल यह मेहता एस्टेट मुंबई के चकाला ले जाने के आनंद राकेश तिवारी नामक टेंपो चालक को विश्वास में लेकर हिरासत में लिया गया,जबकि वह टेंपो लेकर फरार हो गया। शिकायतकर्ता सचिन देवराव सोनपितरे ने पेल्हार थाने में २९ मई को उपरोक्त आरोपी के ऊपर कलम ३७९, ४०६, ४२० के तहत केस दर्ज करवाया था।

# 4 साल के बच्चे का अपहरण करने वाला आरोपी आठ घण्टे में गिरफ्तार



**वसई :** चार साल के बच्चे का अपहरण करने वाले आरोपी को वसई रोड लोहमार्ग पुलिस (जीआरपी) ने महज 8 घंटे में पकड़ने में सफलता हासिल की है।अपहृत 4 साल के बच्चे को भी पुलिस ने छुड़ाकर उसकी मां को सौंप दिया।मिली जानकारी के अनुसार, विरार रेलवे स्टेशन पर रविवार की दोपहर एक महिला अपने 4 साल के बेटे के साथ रेलवे स्टेशन पर बैठी थी।उसने उस जगह पर आए एक अजनबी से वड़ा पाव माँगा। अजनबी व्यक्ति ने बच्चे को वोडा पाव दिया। महिला रेलवे स्टेशन पर बैठी थी,अचानक उसकी आँख बंद हो गयी। इसी बात का फायदा उठाकर अजनबी व्यक्ति ने 4 साल के बच्चे को लेकर भाग गया। नीद से जागने के बाद महिला को उसका बच्चा नही दिखाई दिया तो उसने रेलवे पुलिस को सूचित किया। लवे पुलिस ने तुरंत सीसीटीवी की जांच की तो उसमें दिखाई दिया कि वडापाव देने वाला अज्ञात व्यक्ति बच्चे को दादर लोकल में लेकर जाता हुआ दिखा। जांच के लिए रेलवे पुलिस ने टीम गठित की,पुलिस ने महज 8 घंटे में लड़के को ढूंढ निकाला और आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com